मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 179 ■ मंगलवार 7 अक्टूबर 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

फरहान अख्तर के कार्ड से ड्राइवर ने किया स्कैम

# अंबरनाथ में होगी महिला नगराध्यक्षा

**आरक्षण लॉटरी**

## अंबरनाथ नगर परिषद अध्यक्ष पद ओपन महिला के लिए आरक्षित

- बदलापुर नपा ओबीसी महिला
- नगराध्यक्ष के लिए महिला नेताओं के नाम चर्चा में

⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** राज्य के 247 नगर परिषद के नगराध्यक्ष पद का आरक्षण मुंबई मंत्रालय में सोमवार 6 अक्टूबर को निश्चित किया गया. अंबरनाथ, बदलापुर नगर परिषद के नगराध्यक्ष पद की भी आरक्षण प्रक्रिया संपन्न हुई. अंबरनाथ नगर पालिका के लिए ओपन महिला प्रवर्ग के लिए नगराध्यक्ष पद आरक्षित हुआ है और कुलगांव-बदलापुर नपा के लिए ओबीसी महिला आरक्षित हुआ है. महाराष्ट्र राज्य में कुल 68 नपा में ओपन महिला नगराध्यक्ष होंगी. इसके अलावा ओबीसी, एसटी, एनटी, अनुसूचित जाति के लिए महिला नगराध्यक्ष आरक्षित हुए हैं. महाराष्ट्र राज्य में महिलाओं का राज होगा, जो कि पांच वर्ष के लिए नगराध्यक्षा होंगी. नगराध्यक्ष के लिए जनता वोट करेगी. महिला





ओपन आरक्षित होने के बाद महिला नेताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है. चर्चा का दौर शुरू हो गया है कि शहर की कौन महिला नगराध्यक्षा होंगी. पूर्व नगराध्यक्षा मनिषा वालेकर का नाम सबसे



ऊपर है. शिवसेना की मीना सुरेश वालेकर का नाम भी आगे आ रहा है. पूर्व नगराध्यक्षा प्रज्ञा बनसोडे, भाजपा की पूर्व अध्यक्षा सुजाता भोईर, स्व. नरेश गायकवाड़ की पत्नी एवं पूर्व नगरसेविका सुधा नरेश गायकवाड़ के नाम की भी चर्चा है. पूर्व नगरसेविका अपर्णा भोईर एवं वृषाली पाटिल भी इस दौड़ में शामिल हो सकती है. ये तो आनेवाला समय ही बताएगा. कोई नया नाम भी सामने आ सकता है.

विदित हो कि 2015 से 2020 तक अंबरनाथ नपा पर महिलाओं का ही राज था. 2015 में मनिषा वालेकर उसके बाद प्रज्ञा बनसोडे नगराध्यक्ष रही. गत 6 वर्षों से नपा के चुनाव नहीं हुए हैं. इसलिए 2025 में हो रहे चुनाव के लिए नेताओं में ज्यादा जोश दिखाई दे रहा है.

# 3 घंटे में पुलिस ने पकड़ा सोना चोर



- 15 ग्राम के सोने के मोती चुरा लिए
- क्राइम डिटेक्शन टीम को मिली कामयाबी
- सीसीटीवी फुटेज की मदद से पकड़ा चोर

**उल्हासनगर.** विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की क्राइम डिटेक्शन टीम ने मात्र तीन घंटे में सोना चोरी का मामला सुलझाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और लगभग 90 हजार रुपये मूल्य का चोरी हुआ सोना बरामद कर लिया है। पुलिस की इस त्वरित और सटीक जाँच ने एक बार फिर उनकी कार्यकुशलता का परिचय दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में 4 अक्टूबर की रात लगभग 11:30 बजे एक मामला दर्ज किया गया था। शिकायत दर्ज कराई गई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने शिकायतकर्ता की सोने की दुकान के काउंटर से लगभग 15 ग्राम वजन के सोने के मोती चुरा लिए हैं। शिकायत दर्ज होने के बाद, क्राइम डिटेक्शन टीम को जाँच के लिए भेजा गया। जाँच के दौरान, पुलिस कांस्टेबल मंगेश वीर और सुनील गावित ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर संदिग्ध की तलाश की, और पता चला कि वह मोहम्मद हुसैन इनायत अली खान

### 15 ग्राम वजन के 184 सोने के मोती जब्त

इसके बाद, पुलिस ने कुशलतापूर्वक आरोपी की तलाश की और उसे हिरासत में ले लिया। आरोपी की तलाशी के दौरान, पुलिस ने चोरी का माल जब्त कर लिया, जिसमें 15 ग्राम वजन के 184 सोने के मोती भी शामिल हैं। यह अभियान पुलिस निरीक्षक चंद्रहार गोडसे के मार्गदर्शन में एस.पी.ओ. कुलकर्णी, पुलिस कांस्टेबल दीपक पाटिल, हरिश्चंद्र घने, पुलिस कांस्टेबल मंगेश वीर, प्रदीप बुर्कुल और सुनील गावित द्वारा चलाया गया।

# उल्हासनगर के छात्रावास से 12 महिलाएं फरार

- 8 महिलाएं मिलीं
- 4 अभी भी लापता

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर स्थित शांतिसदन महिला छात्रावास से 12 महिलाओं के भागने से हड़कंप मच गया है और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस ने तुरंत तलाशी अभियान शुरू कर 8 महिलाओं को हिरासत में लिया है, जबकि 4 महिलाएं अभी भी लापता हैं। दशहरे से एक रात पहले हुई इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है।



उल्हासनगर कैंप नंबर 5 स्थित शांतिसदन महिला छात्रावास से दस महिलाओं के भागने की एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। इन सभी महिलाओं को पुलिस ने पीटा एक्ट (अनैतिक तस्करी निवारण अधिनियम) के तहत गिरफ्तार किया था। कार्रवाई के बाद, उन्हें शांतिसदन महिला छात्रावास में रखा गया था। हालाँकि, बुधवार देर रात दशहरे की पूर्व संध्या पर, ये सभी दस महिलाएं महिला सुरक्षा गार्डों की नज़रों से बचकर अचानक छात्रावास से फरार हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया और बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस चार महिलाओं को ढूँढने में कामयाब रही है, लेकिन बाकी छह महिलाओं का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### सुरक्षा पर सवालिया निशान

महिला छात्रावास से इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं के भागने से सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि सुरक्षा गार्डों की लापरवाही के कारण यह घटना हुई। पुलिस ने घटना की जाँच शुरू कर दी है और सूत्रों के अनुसार, सुरक्षा व्यवस्था में खामियों के लिए ज़िम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

# 9 जुआरी एवं दो गांजे का दम मारते पकड़े गए

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पुलिस एवं क्राइम ब्रांच उल्हासनगर ने शहर के मोरीवली गांव के पास से 9 जुआरियों को एवं दो डीएमसी कंपनी के पीछे गांजा का दम मारते हुए पकड़ा है. क्राइम ब्रांच ने 4 अक्टूबर को मोरीवली, केबी रोड कमानी के पास मटका जुआ खेलते हुए 6 को पकड़ा है, जिनके नाम संजय गायकवाड़, शंकर म्हेत्रे, हुसैन चौधरी, रोहित जग्यासी, संतोष सोनार और विनय वनवानी हैं. इन सब पर जुआ खेलने का अपराध दर्ज किया गया है. 4 अक्टूबर शनिवार को ही क्राइम ब्रांच ने गांजे का नशा करते हुए डीएमसी कंपनी के पीछे रेलवे पटरी लाइन के पास से दो को गिरफ्तार किया है. विमको नाका नवाब होटल के पीछे के निवासी फिरोज रशीद शेख और मोरीवली गांव निवासी नितिन रमेश सिद्धू गांजे का नशा करते हुए पकड़ा है. दोनों पर अमली पदार्थ विरोधी कायदा 1985 के कल् 8 (क) 27 के अनुसार अपराध दर्ज किया गया है. 3 अक्टूबर शुक्रवार को अंबरनाथ पुलिस ने मोरीवली कामगार पुतले के सामने केबी रोड पर से तीन को पकड़ा है, जो मटका जुआ खेल रहे थे. जाफर हाजी चौधरी, दिलीप मोरे और महेंद्र कदम को पुलिस ने पकड़ कर जुगार एक्ट के अनुसार अपराध दर्ज किया है.

# देवी विसर्जन में हंगामा करने वाला गिरफ्तार

- नशे में धुत समूह ने किया पथराव
- अन्य आरोपियों की तलाश जारी
- घायलों का इलाज जारी

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 2 स्थित रमाबाई टेकड़ी बुद्ध विहार के पास नशे में धुत एक समूह ने देवी विसर्जन के बाद लौट रहे श्रद्धालुओं पर पथराव किया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी साहिल उर्फ नोदी जोगदंडे को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। जय अंबिका तरुण मित्र मंडल द्वारा रमाबाई टेकड़ी में नवरात्रि उत्सव का आयोजन किया गया था। दशहरे के दिन जब मंडल के सदस्य और श्रद्धालु देवी विसर्जन के बाद लौट रहे थे, तभी नशे में धुत दस लोगों के एक समूह ने अचानक उन पर पथराव कर दिया। पता चला है कि इस समूह में सागर सुरदकर उर्फ पिकाचु, मारी, रिक्शा चालक गोजा, गफलती उर्फ सोनू, नोदी उर्फ साहिल, श्रवण, सिद्धार्थ और अन्य शामिल थे। इस हमले में गणेश पवार के पैर और वैभव लोंधे के सिर पर धारदार



हथियार से वार किया गया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका उल्हासनगर सेंट्रल अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही उल्हासनगर पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संतोष आव्हाड के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक पोपटराव नवले और पुलिस अंमलदार सुजीत भोजने, प्रमोद कांबले, संदीप शेकड़े, संदीप सोनवणे, राजू तड़वी की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साहिल उर्फ नोदी जोगदंडे को गिरफ्तार कर लिया। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है और इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है।

# सुप्रीम कोर्ट की घटना का उल्हासनगर तालुका वकील संघ द्वारा निषेध

- उल्हासनगर के वकीलों ने जताई नाराजगी
- सुप्रीम कोर्ट में हुई चौंकाने वाली घटना
- वकील द्वारा मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की कोशिश
- वकीलों ने कार्रवाई की मांग की

**उल्हासनगर.** सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में हुई चौंकाने वाली घटना से देश भर की न्यायपालिका और कानूनी समुदाय में रोष की लहर दौड़ गई है। सुनवाई के दौरान एक वकील ने मुख्य न्यायाधीश श्री भूषण गवई पर सीधे जूता फेंकने की कोशिश की। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और उसे हिरासत में लेकर स्थिति को नियंत्रण में किया। इस घटना के कारण अदालती कार्यवाही कुछ देर के लिए रोकनी पड़ी। न्यायपालिका की प्रतिष्ठा पर इस सीधे हमले का पूरे देश में विरोध हो रहा है। इस पृष्ठभूमि में, उल्हासनगर तालुका वकील संघ ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की। सोमवार दोपहर बाद वकीलों ने अदालती कार्यवाही बंद कर विरोध जताया।

बड़ी संख्या में वकील अदालत परिसर में एकत्रित हुए और अपना रोष व्यक्त करने के लिए नारे लगाए। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष एडवोकेट संजय सोनवणे, उपाध्यक्ष सचिन खंडागले, जय गायकवाड़, राहुल बनकर, नीलेश धीवरे, धनंजय मोहद, पवन रोहरा सहित कई अन्य वकील उपस्थित थे। पदाधिकारियों ने कहा, ₹मुख्य न्यायाधीश न्यायपालिका के सर्वोच्च प्रतीक हैं। उन पर हमला लोकतंत्र की नींव पर हमला है। न्यायपालिका के सम्मान और गरिमा को बनाए रखने के लिए, ऐसी घटना की कड़ी निंदा की जानी चाहिए। आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए,₹ इस समय वकीलों द्वारा की गई मांग।




# गाय को बचाने में मुस्लिमों ने की मदद

- गाय दो दिनों से गटर में गिरी थी

⏭ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ केबी सड़क आईटीआई के पास दो दिनों से एक गाय बड़े गटर में गिरी हुई थी. उस गाय की जान बचाने के लिए मुस्लिम युवकों एहसामुद्दीन खान मोहसिन खान और गोपाल कोली ने मदद की. जिसकी सराहना शहर में की जा रही है. इस गाय के गर्दन के पास एक छोटा सा पैर है. गाय की मालकिन सर्कस मैदान की झोपड़ियों में रहती है.



उसकी गाय शुक्रवार से गुम हो गई थी. जिसकी खबर उसने पुलिस को भी दिया था. शनिवार शाम में खान को ये गाय एक बड़े गटर में गिरी हुई दिखाई दी. उन्होंने और उनके साथियों ने फायर ब्रिगेड को फोन करके खबर किया. पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई थी. फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद गाय को गटर से बाहर निकाला. ये गाय दो दिनों तक गटर में गिरी हुई थी. वह लोगों को इसलिए नहीं दिखाई दे रही थी क्योंकि गटर के आसपास ऊंचाई तक घास थी.

खान ने हमें बताया कि शनिवार शाम 5 बजे उन्होंने गाय को गटर में गिरे हुए देखा. रात 7 बजे तक गाय को बाहर निकाला गया. गाय की मालकिन को भी खबर की गई. गाय के सही सलामत मिल जाने पर वह खुश दिखाई दी क्योंकि इस गाय पर ही उसका गुजारा होता था. मुस्लिम युवकों ने गौमाता की जान बचाने में सहायता की, जिसकी शहर में प्रशंसा हो रही है.

# वालधुनी पुल के नीचे महिला के गले से सोने का आभूषण लूटा

**कल्याण.** पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे के मार्गदर्शन में इस तरह से पैदल चलने वालों को लूटने वाले चोरों को गिरफ्तार किया गया है। अभी भी, इस गिरोह के कुछ सदस्य डोंबिवली, कल्याण शहर क्षेत्र में सक्रिय हैं। कल्याण पश्चिम के वालधुनी पुल क्षेत्र में एक चोर ने पैदल चल रही एक महिला के गले से सोने की चेन छीन ली।

कल्याण पूर्व में लोकधार संकुल क्षेत्र में रहने वाली एक महिला उषा थम्पी बुधवार शाम को कल्याण पश्चिम से वालधुनी पुल के नीचे रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में पैदल जा रही थीं। उषा के गले में 50,000 रुपये की सोने की चेन थी। वालधुनी क्षेत्र में घूम रहे एक 30 वर्षीय चोर ने उषा के गले में सोने की चेन देखी। उसके बाद, उषा को कुछ पता चले बिना, चोर ने कुछ समय तक उषा का पीछा किया जैसे कि वह एक पैदल यात्री हो। उषा थम्पी कल्याण पश्चिम से त्राषण वितरण डिपो कार्यालय के पास से गुजर रही थीं, जब एक चोर अचानक पीछे से उनके पास आया और उषा के गले से 7 ग्राम की सोने की चेन छीन कर भाग खड़ा हुआ. उषा थम्पी ने इस चोरी के मामले में महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।






जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास — मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## दहेज के 14 फीसदी ज्यादा मामले दर्ज

दहेज प्रथा पर कानूनन रोक है, लेकिन सच्चाई है कि आज भी दहेज के लिए महिलाओं का उत्पीड़न जारी है। दहेज निषेध अधिनियम के तहत दर्ज मामले हर वर्ष बढ़ रहे हैं। तमाम जागरूकता के बावजूद समाज की तस्वीर नहीं बदली है। हर दिन महिलाओं की जान जा रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 2023 की रपट के मुताबिक दहेज संबंधी अपराध के मामलों में चौदह फीसद की बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उत्तर प्रदेश अकेला राज्य है, जहां सबसे ज्यादा 7,151 मामले दर्ज किए गए। जबकि बिहार दूसरे स्थान पर है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि महिलाओं की जिंदगी किस तरह की सामाजिक स्थिति के बीच गुजर रही है। उपभोक्तावाद और आय में विषमता ने स्थिति और खराब की है। राष्ट्र की प्रगति और शिक्षा के प्रसार के बाद उम्मीद बंधी थी कि हमें इन बुराइयों से मुक्ति मिलेगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। सामाजिक सोच में देश वहीं खड़ा है। दहेज प्रथा की जड़ें इतनी गहरी हैं कि इससे अन्य दूसरी बुराइयां भी पैदा हो गईं।

लड़के-लड़कियों में भेदभाव और भ्रूण हत्या जैसी समस्या की जड़ में दहेज भी एक बड़ी वजह है। ऐसे में एनसीआरबी की नई रपट को गंभीरता से लेना होगा। इस संबंध में बने कानून के बेजा इस्तेमाल की बात अक्सर उठाई जाती है। मगर गिनती के ऐसे मामलों के बरक्स इस सच्चाई से कौन इनकार करेगा कि दहेज के लिए महिलाओं की रोज हत्या हो रही है। एनसीआरबी के ही आंकड़े बताते हैं कि 2023 में देश भर में 6,100 से अधिक महिलाओं की मौत हो गई। बेटियों को पढ़ाने और उनके सशक्तीकरण के बाद भी अगर दहेज के मामले बढ़ रहे हैं, तो जाहिर है यह हमारे समाज और व्यवस्था की बड़ी विफलता है। बहुत हद तक पितृसत्तात्मक सोच भी जिम्मेदार है।

आज भी महिलाओं को दहेज संबंधी मामलों में जल्दी न्याय नहीं मिलता। ज्यादातर मामलों में महिलाएं चुपचाप उत्पीड़न सहती हैं। आमतौर पर ऐसे मामले थानों में दर्ज नहीं होते। फिर भी दहेज अपराधों में जिस तरह की अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है, उससे स्पष्ट है कि इस कुप्रथा के खिलाफ लड़ाई अकेले कानून से नहीं लड़ी जा सकती और इस मसले पर समूची सामाजिक सोच को बदलने की जरूरत है।

# संघ ने पूरे किए 100 साल, RSS की सफलता के सूत्र उनके विचार

इस बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वर्षिक विजयदशमी कार्यक्रम की महत्ता इसलिए अधिक थी, क्योंकि उसने अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सामाजिक एकता पर जोर देते हुए बांग्लादेश, नेपाल की घटनाओं की भी चर्चा की और टैरिफ का भी उल्लेख किया। उन्होंने इस पर बल दिया कि स्वदेशी अपनाते हुए स्वावलंबी बनना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी देश अकेले आगे नहीं बढ़ता और उसकी निर्भरता दूसरों पर होती है, पर इसका अर्थ यह नहीं कि यह निर्भरता लाचारी बन जाए।

संघ विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन है। वह भारत की प्रगति सुनिश्चित करने और संस्कृति के निर्माण को बल देने के साथ भारतीय समाज में राष्ट्रीयता का बोध जगाने को लेकर प्रतिबद्ध है। यदि आज भारत ने विश्व में अपनी एक पहचान बना ली है तो उसके पीछे आजादी के बाद हम भारतीयों की भारतीयता के प्रति अपनी आस्था बनाए रखना भी एक बड़ा कारण है और संघ भारतीयता के प्रति समर्पित है। इस समर्पण के लिए उसे साधुवाद दिया जाना चाहिए। वह इसके लिए प्रयासरत है कि हमारे अपने सांस्कृतिक मूल्यों का ह्रास न होने पाए। संघ की बात लाखों-करोड़ों लोगों तक पहुंचती है और लोग उससे प्रभावित होते हैं। हो सकता है कुछ लोगों को संघ की ओर से किए जा रहे समाज और राष्ट्र निर्माण के कार्यों का भान न हो, पर वे उसके प्रभाव से इन्कार नहीं कर सकते। उसका यह प्रभाव उसके अनगिनत



संगठनों की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों के कारण है। संघ के एक संगठन के रूप में भाजपा का प्रभाव इसलिए अधिक है, क्योंकि वह राजनीतिक संगठन है और पिछले 11 वर्षों से केंद्र की सत्ता में है। संघ के विभिन्न संगठन सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक क्षेत्रों में सक्रिय हैं। वे समाज सेवा के साथ देश की एकता और अखंडता के लिए समर्पित हैं। संतों, विचारकों, बुद्धिजीवियों समेत न जाने कितने लोगों के भारतीयता के प्रति समर्पित होने के पीछे एक अदृश्य शक्ति के रूप में संघ और उसके विभिन्न संगठन हैं। संघ की जब स्थापना हुई थी, तब भारतीय समाज विघटन से ग्रस्त था। हिंदू-मुस्लिम खाई चौड़ी हो रही थी, क्योंकि अंग्रेजों ने उसे जानबूझकर बढ़ाया था। उस समय कांग्रेस नेताओं में भारतीयता को लेकर वैसी स्पष्टता न थी, जैसी आवश्यक थी। यह वह कालखंड था, जब मुस्लिम लीग की स्थापना हो चुकी थी और वह कांग्रेस को इस रूप में पेश कर रही थी कि उसे मुसलमानों की चिंता नहीं। इससे कांग्रेस दबाव में थी। तब अंग्रेजी सत्ता मुस्लिम लीग को अहमियत दे रही थी। संघ जब अस्तित्व में आया, तब अंग्रेजों के करीब 200 वर्ष के शासनकाल के चलते भारतीय सभ्यता चोटिल थी।

इसके पहले वह मुगलों के लंबे शासन के चलते प्रताड़ित थी। उस समय कांग्रेस की राजनीति आजादी पर केंद्रित थी। उसके सामने यह लक्ष्य नहीं था कि कैसे भारतीय मूल्यों और संस्कारों को स्थापित किया जाए। इसके चलते सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र के अनेक विचारक इससे चिंतित थे कि कैसे राजनीतिक ताकतें अंग्रेजों और मुस्लिम लीग के अनुचित तौर-तरीकों का प्रतिकार नहीं कर पा रही हैं। इसी पृष्ठभूमि में संघ की स्थापना हुई। चूंकि कांग्रेस राजनीतिक संगठन के रूप में भारतीयता के मूल्यों को अक्षुण्ण रखने पर अपेक्षित ध्यान नहीं दे पा रही थी, इसलिए उसे संघ के विचार स्वीकार नहीं थे। दोनों के बीच मतभेद उभरने शुरू हुए और वे बढ़ते ही गए। खुद कांग्रेस के अनेक नेताओं के बीच मतभेद उभरे और वे उससे अलग भी हुए। इस दौर में कांग्रेस ने संघ को सांप्रदायिक बताना शुरू कर दिया।

जब आजादी के बाद नाथूराम गोडसे ने गांधीजी की हत्या कर दी तो कांग्रेस ने संघ पर हमला बोल दिया। उसने उसे गांधीजी की हत्या के लिए दोषी ठहराया, जबकि गोडसे संघ की रीति-नीति से असहमत होकर उससे अलग हो चुका था और हिंदू महासभा में सक्रिय था। संघ को तभी से कठघरे में खड़ा करने का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह आज तक कायम है। विपक्षी दलों में उसे सांप्रदायिक बताने की होड़ सी लगी रहती है, लेकिन वह अपना प्रभाव लगातार बढ़ाता गया।





यह जानना कि प्रभु हमारे साथ हैं, हमें जीवन की परेशानियों का सामना करने के लिए हिम्मत व धैर्य प्रदान करता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# अमेरिका का दबाव; पुतिन ने भी उठाए बड़े कदम

अमेरिका ने जब अपनी शुल्क नीति की घोषणा की, तो उसका मकसद जितना अपने आर्थिक हित सुनिश्चित करना था, उससे ज्यादा इसे प्रभावित होने वाले देशों पर दबाव बनाने के तौर पर देखा गया। सवाल है कि क्या अमेरिका की ओर से पहले पच्चीस और फिर पचास फीसद तक शुल्क लगाने की घोषणा का कारण यह था कि व्यापार वार्ता में भारत को अपनी शर्तों पर सहमत किया जाए? यह बेवजह नहीं है कि भारत ने अमेरिका के इस रवैये के सामने समर्पण करने के बजाय विकल्प की राह तैयार करने की कोशिश शुरू कर दी और अब इसके नतीजे सामने आने लगे हैं।



गौरतलब है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को अपनी सरकार को निर्देश दिया कि वह कच्चे तेल के भारी आयात की वजह से भारत के साथ व्यापार असंतुलन को कम करने के लिए तत्काल उपाय करे। अमल के स्तर पर यह फैसला भारत से अधिक कृषि उत्पाद और दवाओं की खरीद के स्तर पर सामने आ सकता है। इस वर्ष के आखिर में पुतिन की प्रस्तावित भारत यात्रा के मद्देनजर उनके इस निर्देश की अहमियत समझी जा सकती है।

दरअसल, अमेरिका ने न केवल शुल्क नीति की घोषणा की, बल्कि भारत पर दबाव बढ़ाने की मंशा से रूस से तेल आयात करने पर जुर्माना लगाने की भी बात कही। इसका आशय साफ था कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करे। इसके पीछे उद्देश्य चाहे जो हो, आज बहुध्रुवीय होते विश्व में इस तरह भारत जैसे एक संप्रभु और वैश्विक साख वाले देश को अपनी शर्तों पर संचालित कर पाना संभव नहीं हो सकता। यह विचित्र है कि अमेरिका ने इस मसले पर सहयोग और साझेदारी को केंद्र में रख कर नए विकल्प निकालने, द्विपक्षीय हित और सम्मान आधारित आर्थिक संबंध पर विचार करने का रास्ता अख्तियार न करके, दबाव की रणनीति का सहारा लिया। मगर यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध के संदर्भ में अमेरिका और नाटो देशों की ओर से रूस को अलग-थलग करने के लिए जो रणनीति अपनाई जा रही थी, भारत ने प्रकारांतर से उसमें शामिल होने या किसी के सामने झुकने से इनकार कर दिया और रूस से कच्चे तेल का आयात जारी रखा। यों भी, तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में अमेरिका के हर फैसले को मानने के बजाय भारत के लिए अपने हित को प्राथमिकता देना ज्यादा जरूरी है।

जाहिर है, भारत की यह दृढ़ता रूस की नजर में महत्त्वपूर्ण होगी और इसीलिए उसने व्यापार संतुलन कायम करने की पृष्ठभूमि में द्विपक्षीय संबंधों को नए सिरे से आकार देने की ओर कदम बढ़ाया है। भारत और रूस के बीच मित्रतापूर्ण संबंधों का एक लंबा दौर रहा है। विकट स्थितियों में भी दोनों देशों के बीच कभी कोई समस्या या तनावपूर्ण स्थिति नहीं आई, जिसमें किसी पक्ष के भीतर संबंधों को लेकर कोई दुविधा हुई हो। बल्कि कूटनीतिक से लेकर सांस्कृतिक या आर्थिक मोर्चे पर दोनों देशों ने एक-दूसरे की प्राथमिकताओं, जरूरत पर आधारित नीतिगत फैसलों की संवेदनशीलता का हमेशा ध्यान रखा और अपनी सीमा के भीतर हर स्तर पर सहयोग किया।

अमेरिका की ओर से दबाव बनाए जाने के बावजूद रूस से कच्चे तेल के आयात को लेकर भारत का नहीं डिगना उसी कड़ी का एक हिस्सा है। रूस ने भारत के इस फैसले की अहमियत को समझा है और व्यापार संतुलन के लिए पुतिन के निर्देश को इसका संकेत माना जा सकता है कि आने वाले दिनों में दोनों देशों के बीच आर्थिक और रणनीतिक सहयोग के नए अध्याय शुरू होंगे।

# करोड़ों कमाता है ये शख्स, फिर भी करता है चौकीदारी

जापान अपनी अमेजिंग टेक्नोलॉजी, अनुशासन से भरे जीवनशैली और वर्क कल्चर के लिए दुनिया भर में जाना जाता है. लेकिन आज हम

**जरा हट के**

आपको एक ऐसी दिलचस्प कहानी बताने जा रहे हैं, जो इस देश की एक अलग ही तस्वीर पेश करती है. यह कहानी है एक ऐसे शख्स की, जिसने करोड़ों रुपये की संपत्ति कमाने के बावजूद चमक-दमक वाली जिंदगी को ठुकरा कर सादगी भरा जीवन चुना. जी हां, यह शख्स करोड़पति होते हुए भी चौकीदार की नौकरी करता है.

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, जापान की राजधानी टोक्यो में रहने वाले 56 साल के कोइची मत्सुबारा हर साल करीब 30 मिलियन येन (1.83 करोड़ रुपये) कमाते हैं. यह रकम उन्हें उनके किराए की संपत्तियों और इनवेस्टमेंट से मिलती है. इसके बावजूद, उन्होंने अपनी जिंदगी में सादा रास्ता चुना और आज




भी एक रेजिडेंशियल बिल्डिंग में चौकीदार की पार्ट-टाइम नौकरी करते हैं. मत्सुबारा का काम है बिल्डिंग की सफाई करना, आस-पास के इलाके का ध्यान रखना और वहां के लोगों की मदद करना है. वह हफ्ते में तीन दिन काम करते हैं, हर दिन सिर्फ चार घंटे की शिफ्ट. इसके बदले में उन्हें करीब 100,000 येन (लगभग 60,000 रुपये) प्रती महीना मिलता है. जो SCMP के अनुसार, टोक्यो की एवरेज मंथली सैलरी 350,000 येन (2.1 लाख रुपये) से काफी ज्यादा कम है.

क्यों करते हैं चौकीदारी?

कोइची मत्सुबारा बताते हैं- “मेरे पास पैसा है, लेकिन मैं सादगी से जीना पसंद करता हूं.” उनका मानना है कि लग्जरी जीवन भले दिखने में आकर्षक लगे, लेकिन यह जरूरी नहीं कि वह सुकून भी दे. वह बताते हैं- “काम करने से मुझे खुशी और मन की शांति मिलती है. मैं खुद को एक्टिव महसूस करता हूं, और यही मेरे लिए सबसे बड़ी कमाई है.” उन्हें चौकीदारी का काम इसलिए पसंद है क्योंकि इससे उन्हें रोजमर्रा की सादगी और लोगों से बात चीत का अनुभव होता है. मत्सुबारा कहते हैं कि लोगों की मदद करना और समाज के बीच रहना उन्हें जीवन का सच्चा आनंद देता है.




# कोकोनट रबड़ी

अगर आप उन लोगों में से हैं जिन्हें खाना खाने के बाद कुछ मीठा चाहिए ही चाहिए, तो यह रेसिपी खास आपके लिए है। अक्सर हम ट्रेडिशनल मिठाइयां खाकर बोर हो जाते हैं। ऐसे में, अगर आप कुछ नया, स्वादिष्ट और झटपट बनने वाला मीठा ढूंढ रहे हैं, तो कोकोनट रबड़ी से बेहतर और कुछ नहीं हो सकता है। यह रबड़ी का एक ऐसा अनोखा रूप है, जिसमें नारियल की मिठास और सुगंध मिलकर इसे और भी खास बना देती है। आइए, बिना देर किए जान लीजिए इसे बनाने की आसान रेसिपी।

**सामग्री :**

- 1 लीटर फुल क्रीम दूध
- 1 कप नारियल का बुरादा
- 1/2 कप चीनी (स्वाद अनुसार कम या ज्यादा)
- 1/4 चम्मच इलायची पाउडर
- कुछ बादाम और पिस्ता



**विधि :**

सबसे पहले एक भारी तले वाले पैन में दूध उबालने के लिए रखें। आंच को धीमी रखें और दूध को लगातार चलाते रहें ताकि वह तले पर चिपके नहीं।

जब दूध उबलने लगे और थोड़ा गाढ़ा हो जाए, तो इसमें नारियल का बुरादा मिलाएं। इसे अच्छी तरह से मिक्स करें और 5-7 मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं, जब तक कि नारियल का स्वाद दूध में अच्छी तरह से मिल न जाए।

अब इसमें चीनी और इलायची पाउडर डालकर मिलाएं। चीनी के घुलने तक इसे लगातार चलाते रहें।

आंच को बंद कर दें और रबड़ी को ठंडा होने दें और फिर रबड़ी को एक बाउल में निकालें और इसे कम से कम 2-3 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें ताकि यह और भी गाढ़ी और स्वादिष्ट हो जाए।

ठंडी-ठंडी कोकोनट रबड़ी को कटे हुए बादाम और पिस्ता से सजाकर परोसें।

# एक ही तरह की चाय पीकर हो गए हैं बोर तो ट्राई करें गुड़ की चाय

गुड़ का सेवन सेहतमंद माना जाता है, जो न सिर्फ मीठा स्वाद देता है बल्कि कई तरह के औषधीय गुणों से भरपूर होता है। जब इसे चाय के रूप में लिया जाए, तो यह और भी अधिक लाभकारी बन जाता है। खासकर सर्दियों में गुड़ की चाय शरीर को गर्म रखने, एनर्जी देने और रोगों से लड़ने में मदद करती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ खास लोगों के लिए यह चाय बेहद फायदेमंद भी साबित होती है? तो आइए जानते हैं कुछ लोगों के बारे में जिन्हें गुड़ की चाय को जरूर अपनाना चाहिए।

### एनीमिया से ग्रस्त लोग

गुड़ में भरपूर मात्रा में आयरन होता है, जो हीमोग्लोबिन को बढ़ाता है। एनीमिया से जूझ रहे लोगों को यह चाय रोज सुबह या दोपहर में पीनी चाहिए ताकि खून की कमी दूर हो और शरीर में ऊर्जा बनी रहे।

### सर्दियों में जल्दी ठंड लगने वाले लोग

गुड़ शरीर को अंदर से गर्म करता है। ऐसे लोग जिन्हें हाथ-पैर जल्दी ठंडे हो जाते हैं, या जिन्हें ज्यादा सर्दी लगती है, उन्हें गुड़ की चाय का सेवन जरूर करना चाहिए।



### मोटे लोगों के लिए

गुड़ की चाय चीनी की तुलना में बेहतर विकल्प है। इसमें नेचुरल मिठास होती है जो मेटाबॉलिज्म को सुधारती है और फैट को जमा होने से रोकती है। यह वजन घटाने की कोशिश कर रहे लोगों के लिए उपयोगी है।

### सर्दी-जुकाम से पीड़ित लोग

गुड़ की चाय में काली मिर्च, तुलसी या अदरक मिलाकर पीने से गले की खराश, बंद नाक और खांसी में राहत मिलती है।

### डाइजेशन से जुड़ी समस्याएं

गुड़ पेट की सफाई करता है, गैस और कब्ज को कम करता है। इसमें अदरक या सौंठ मिलाकर चाय बनाने से पाचन क्रिया और भी सुधरती है।

### स्ट्रेस से जूझ रहे लोग

गुड़ त्वरित ऊर्जा देने वाला प्राकृतिक स्रोत है। यह शरीर में एंडोर्फिन रिलीज करता है जिससे मूड अच्छा रहता है और स्ट्रेस घटता है।

### कमजोर इम्युनिटी वाले लोग

गुड़ में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और खनिज तत्व शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाते हैं, जिससे इन्फेक्शन से लड़ने की ताकत बढ़ती है।

### पिंपल्स से परेशान लोग

गुड़ खून को साफ करने में सहायक होता है। रोज एक कप गुड़ की चाय पीने से स्किन डिटॉक्स होती है और मुंहासों की समस्या में कमी आ सकती है। गुड़ की चाय न केवल टेस्टी होती है, बल्कि यह हेल्थ के लिए भी चमत्कारी साबित हो सकती है, खासकर ऊपर बताए गए समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए। लेकिन इसका सेवन सीमित मात्रा में और सलाह अनुसार करना ही सही होता है।

## आज का राशिफल

**मेष** : किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में बुद्धिबल से उन्नति होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रमाद से बचें।

**वृषभ** : शत्रु भय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। आर्थिक उन्नति होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

**मिथुन** : पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। अज्ञात भय सताएगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कुसंगति से बचें। चिंता रहेगी। धन प्राप्ति में अवरोध दूर होंगे। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी।

**कर्क** : लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव है। किसी के उकसाने में न आएं। बात बिगड़ सकती है। आवश्यक निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान हो सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**सिंह** : पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। निवेश लाभदायक रहेगा। घर में सुख-शांति रहेगी। उत्साह बना रहेगा। भाग्य का साथ मिलेगा।

**कन्या** : आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभप्रद रहेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में सहकर्मियों का साथ रहेगा। थकान रहेगी।

**तुला** : प्रेम-प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। सभी ओर से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** : राजभय रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में जल्दबाजी हानि देगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था में मुश्किल होगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। अनहोनी की आशंका रहेगी। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। आय में निश्चितता रहेगी।

**धनु** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। मानसिक बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अधिकार प्राप्ति के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें।

**मकर** : राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी। नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है।

**कुंभ** : आंखों को चोट व रोग से बचाएं। धन प्राप्ति सुगम होगी। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। थकान व कमजोरी महसूस हो सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**मीन** : पुराना रोग उभर सकता है। अनहोनी की आशंका रहेगी। मातहतों से कहासुनी हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। आय में निश्चितता रहेगी। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। सोच-समझकर निर्णय लें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# आखों के नीचे काले घेरे को 2 दिन में हटाएगा ये मास्क



- **कितना भी गहरा डार्क सर्कल हो जाएगा साफ**
- **जानें ये सिंपल घरेलू नुस्खा**

आंखों के नीचे काले घेरे यानी डार्क सर्कल आजकल एक आम समस्या बन चुकी है. देर रात तक मोबाइल चलाना, नींद की कमी, तनाव या लंबे समय तक स्क्रीन पर काम करना. ये सब वजहें हमारी आंखों के नीचे की नाजुक स्किन को प्रभावित करती हैं. इससे चेहरा थका-थका दिखता है और पर्सनालिटी पर भी असर पड़ता है. लेकिन अगर आप महंगे क्रीम्स और सीरम आजमा कर थक चुकी हैं, तो अब घर पर बना आलू का यह खास मास्क आपकी मदद करेगा. यह मास्क सिर्फ 2 दिन में ही काले घेरों की झलक कम कर देता है और आंखों के नीचे की स्किन को नेचुरली ब्राइट बना देता है.

आलू के रस में क्या-क्या डालना है. इस मास्क को बनाने के लिए आपको चाहिए

- 1 कच्चा आलू
- 1 चम्मच गुलाब जल
- 1 चम्मच नींबू का रस
- 1 चम्मच एलोवेरा जेल
- 1 चम्मच शहद

### ऐसे बनाएं आलू डार्क सर्कल रिमूवर मास्क

सबसे पहले एक कच्चे आलू को अच्छी तरह धोकर छिल लें और उसे बारीक कद्दूकस करें. अब कद्दूकस किए हुए आलू को मलमल के कपड़े या छलनी की मदद से निचोड़कर उसका रस निकाल लें. एक कटोरी में आलू का रस लें, उसमें 1 चम्मच गुलाब जल, 1 चम्मच नींबू का रस, 1 चम्मच एलोवेरा जेल और 1 चम्मच शहद डालें. सब चीजों को अच्छे से मिलाकर एक हल्का सा पतला मास्क तैयार करें.

### ऐसे करें अप्लाई

- सबसे पहले चेहरा साफ करें ताकि धूल या ऑयल न रहे.
- अब रुई को इस मिश्रण में भिगोकर आंखों के नीचे लगाएं.
- चाहें तो इसे फ्रिज में 10 मिनट रखकर ठंडा कर लें, इससे सूजन और पफीनेस भी कम होती है.
- 15 मिनट तक इसे ऐसे ही लगा रहने दें.
- फिर ठंडे पानी से धो लें और हल्का मॉइस्चराइज़र लगा लें.

### कितनी बार लगाना चाहिए?

अगर आपके डार्क सर्कल बहुत गहरे हैं, तो यह मास्क रोजाना दो बार. सुबह और रात को सोने से पहले लगाएं. इसे लगाने के बाद दो दिन में ही फर्क दिखने लगेगा और हफ्तेभर के अंदर डार्क सर्कल काफी हद तक हल्के हो जाएंगे.

### क्यों काम करता है यह मास्क?

आलू के रस में नैचुरल ब्लीचिंग एजेंट होता है जो त्वचा की टोन को हल्का करता है और कालेपन को दूर करता है. गुलाब जल स्किन को शांत करता है और सूजन कम करता है. वहीं, नींबू के रस में मौजूद विटामिन C पिगमेंटेशन घटाता है. एलोवेरा जेल स्किन को हाइड्रेट रखता है और डार्क सर्कल की वजह बनने वाले ड्रायनेस को कम करता है.

# कैसे करें मसालों की शुद्धता की जांच?

- **असली-नकली मसालों में कैसे करें फर्क**

शेफ पंकज भदौरिया ने कई ऐसे टिप्स शेयर किए हैं, जिससे आप पता लगा सकते हैं कि मिर्च, हल्दी पाउडर आदि असली हैं या इनमें मिलावट की गई है. इन आसान तरीकों से अपनी जानकारी बढ़ाइए और हल्दी, जीरा, लाल मिर्च पाउडर, हींग और काली मिर्च में मिलावट की पहचान कीजिए.



-आप मिर्च पाउडर लेकर आए हैं, वह भी खुला पाउडर तो ये कितना शुद्ध है, इसे जानने के लिए एक गिलास में पानी लें. इसमें एक चम्मच लाल मिर्च पाउडर डालें. असली मिर्च पाउडर पानी पर पहले तैरता है और धीरे-धीरे नीचे बैठता है, जबकि नकली मिर्च पाउडर तुरंत नीचे बैठ जाता है.

-इसी तरह आप हल्दी पाउडर की जांच कर सकते हैं. एक कांच की गिलास में पानी डालें. इसमें एक छोटा चम्मच हल्दी पाउडर डालें. हल्दी पाउडर असली होगा तो यह पहले पानी पर तैरेगा. फिर धीरे-धीरे नीचे जाएगा और हल्का पीला रंग छोड़ेगा. मिलावटी हल्दी सीधे नीचे बैठ जाएगी और पानी को गहरा पीला (सूरजमुखी जैसा) रंग देगी.

-साबुत जीरा असली है या नकली, इसे जानने के लिए आप थोड़ा सा जीरा लेकर अपने हाथ में रगड़ें. असली जीरा साफ रहेगा और आपकी हथेलियां गंदी नहीं होंगी. लेकिन, जीरा काला रंग छोड़े तो समझिए उसमें मिलावट है.

– काली मिर्च के दानों में अक्सर दुकानदार पपीते के बीज भी मिला देते हैं. इसे जानने के लिए आप पानी वाला ही टेस्ट करें. एक गिलास में पानी लें. इसमें कुछ दाने काली मिर्च के डालें. असली काली मिर्च पानी में नीचे बैठ जाती है, जबकि नकली ऊपर तैरने लगती है. पपीते के बीज होंगे तो ये ऊपर पानी में तैरेंगे.

– हींग पाउडर का काफी लोग अपने भोजन में तड़का लगाने के लिए करते हैं. इससे खाने का स्वाद, खुशबू दोगुना हो जाता है. असली हींग की जांच करने के लिए इसे एक चम्मच में डालें. इसे गैस या फिर मोमबत्ती की लौ में जलाकर देखें. अगर ये आसानी से जल जाए तो ये असली हींग है. अगर न जले तो समझिए उसमें किशमिश की मिलावट है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. ‘उल्हास विकास’ इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### ससुराल जा रहे युवक को चोर समझकर पीट-पीटकर मार डाला, दरोगा-सिपाही सस्पेंड

उत्तर प्रदेश के रायबरेली के ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र में पैदल ससुराल जा रहे युवक हरिओम को बुधवार की रात ग्रामीणों ने चोर समझकर लाठी, डंडा और बेल्टों से पीटकर मार डाला। युवक की हत्या कर शव गांव से कुछ दूर स्थित नहर के पास फेंक दिया। गुरुवार सुबह पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने पर एसपी ने कोतवाल को हटाकर अपराध शाखा से संबद्ध कर दिया है। वहीं हल्का दरोगा और दो सिपाहियों को सस्पेंड किया गया है। लोगों का कहना है कि रात की गश्त के दौरान यदि पुलिस वास्तव में विजिट करती तो निश्चित ही हत्यारोपी, शव को फेंक नहीं पाते या फिर मौके पर ही पकड़े जाते। पुलिस ने मौके से पुलिस ने कई टूटी हुई बेल्ट और डंडे बरामद किए हैं।

### 10वीं के छात्र की हत्या में पुलिस खाली हाथ

**मुरादाबाद.** यूपी के मुरादाबाद में कटघर थाना क्षेत्र में दसवीं के छात्र की गोली मारकर हत्या करने वाले चार नामजद आरोपी वारदात के छह दिन बाद भी पुलिस पकड़ से दूर हैं। पुलिस की तीन टीमों के साथ आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगी सर्विलांस और एसओजी टीम अब तक एक भी आरोपी का सुराग नहीं लगा पाई है। आरोपी मोबाइल का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं इसलिए उनकी लोकेशन नहीं मिल पा रही है। यह हाल तब है जबकि एसएसपी ने आरोपियों की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार का इनाम घोषित कर रखा है। पुलिस आरोपियों के कुछ करीबियों को हिरासत में लेकर जानकारी जुटाने में लगी है। लेकिन उससे भी कोई मदद नहीं मिल पाई है। अधिकारियों ने कहा कि उम्मीद है जल्द ही आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे। कटघर थाना क्षेत्र के सूरजनगर गुलाबाड़ी चुंगी निवासी शोभित ठाकुर(18 वर्ष) श्यामोदेवी इंटर कॉलेज में दसवीं का छात्र था। शोभित बजरंग दल का सूरजनगर खंड संयोजक भी था।

### सोते हुए परिवार पर गिरा कच्चा मकान, मलबे में दबकर एक की मौत और चार की हालत गंभीर

**फतेहपुर.** यूपी के फतेहपुर में एक मकान गिरने से एक युवक की मौत हो गई और चार गंभीर रूप से घायल हो गए। बहुआ के गोझ गांव में रविवार तड़के कच्चा मकान भरभराकर एक सोते हुए परिवार के ऊपर गिर गया। परिवार के पांच लोग मलबे में दब गए। मलबे में दबने से एक की मौत हो गई और चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि फतेहपुर जिले में ललौली थाना क्षेत्र के गोझ गांव में रविवार तड़के हादसे से सुबह हुई तो इलाका दहल गया। घर में सोते समय कच्चा मकान भरभराकर गिरने से एक ही परिवार के पांच लोग दब गए। इसमें मकान मालिक 55 वर्षीय हीरालाल कुरील गंभीर रूप से घायल हो गए। मकान के मलबे से घायलों को निकाला गया.

# पश्चिम बंगाल में भारी बारिश से हाहाकार

### ■ दार्जिलिंग में पुल ढहा; 9 की मौत

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में भारी बारिश की वजह से भूस्खलन में कम से कम 9 लोगों की जान चली गई। जानकारी के मुताबिक भूस्खलन की वजह से एक लोहे का पुल ढह गया। मूसलाधार बारिश और भूस्खलन की वजह से कई गांवों से संपर्क टूट गया है। राहत और बचाव टीमें मौके पर पहुंची हैं और मलबा हटा रही हैं।

जानकारी के मुताबिक यह



लोहे का पुल जिसे धूदिया आयरन ब्रिज के नाम से जानते हैं, मिरिक और कुरसियोंग को जोड़ता है। भारी बारिश के चलते यहां हाल यह है कि सड़कें मलबे और कीचड़ से पट गई हैं। मौसम विभाग ने दार्जिलिंग, कूच बेहार, कालिंपोंग, जलपाइगुड़ी और अलीपुरद्वार में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिम बंगाल में उप-हिमालयी क्षेत्रों में सोमवार तक भारी बारिश जारी रहेगी। भारी बारिश के चलते जलपाइगुड़ी का मालबाजार पानी में ही डूब गया। तीस्ता, माल और अन्य पहाड़ी नदियां उफान पर हैं। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिम झारखंड के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र पूर्व-पश्चिम यानी बिहार की ओर बढ़ सकता है।

कालिम्पोंग जिले में भी भारी बारिश की वजह से स्थिति गंभीर है। यहां पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है। सिलीगुड़ी और सिक्किम को जोड़ने वाला वैकल्पिक मार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग 717ई पर भूस्खलन की वजह से मलबा जमा हो गया है और यातायात रुक गयाहै। पेडोंग और ऋषिखोला के बीच भूस्खलन की वजह से यातायात ठप है।

# 6-11 नवंबर को दो चरणों में होगा बिहार का चुनाव





### ■ 14 नवंबर को आएगा रिजल्ट

**पटना.** बिहार विधानसभा चुनाव दो चरणों में आयोजित होंगे। इलेक्शन कमिशन ने बताया कि पहले राउंड में 121 सीटों पर मतदान होगा और फिर दूसरे राउंड में 122 पर वोटिंग होगी। इस चुनाव का नतीजा 14 नवंबर को घोषित होगा। पहले चरण का मतदान 6 नवंबर को तो दूसरे का 11 नवंबर को होगा। पहले राउंड के मतदान के लिए 10 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी। नामांकन की आखिरी तारीख 17 अक्टूबर होगी और वापस लेने की लास्ट डेट 20 अक्टूबर रहेगी। इसके अलावा दूसरे चरण के लिए 13 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। 20 अक्टूबर को नामांकन की आखिरी तारीख होगी और 23 तारीख तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान इलेक्शन कमिशन की ओर से हो रहा है। देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बिहार में 7.42 करोड़ मतदाता वोट डालेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव में कई नई चीजें शुरू हो रही हैं और उन्हें देश भर में आगे चलकर लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव आयोग ने मतदाताओं की सुविधाओं के लिए तय किया है कि एक पोलिंग बूथ पर 1200 से ज्यादा वोटर ना रहें। बिहार में 90 हजार 700 पोलिंग बूथ रहेंगे। इनमें से महिलाओं द्वारा 1044 बूथ संचालित होंगे। इसके अलावा मॉडल पोलिंग बूथ 1000 के करीब रहेंगे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि हर जगह पोलिंग स्टेशन ग्राउंड फ्लोर पर ही होंगे। इससे बुजुर्गों और दिव्यांगों को सुविधा रहेगी। उन्होंने कहा कि हमने बिहार के दौरे पर जिलाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे कि किसी भी तरह से उम्मीदवारों और मतदाताओं को धमकी मिलने जैसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि हम चाहेंगे कि हर कोई मतदान करे और उसके लिए पर्याप्त सुविधा रहे। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि अवैध लेनदेन, कैश आदि पर नजर रखी जाएगी। इसके अलावा उम्मीदवारों के खर्चों पर भी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि हम कुल 17 नए कदम उठा रहे हैं, जो बाद में देश के अन्य चुनावों में भी लागू होंगे।

### एअर इंडिया विमान की इंग्लैंड के बर्मिंघम में इमरजेंसी लैंडिंग

पंजाब के अमृतसर से इंग्लैंड के बर्मिंघम के लिए रवाना हुई एअर इंडिया की फ्लाइट AI117 (बोइंग ड्रीमलाइनर 787-8) की बर्मिंघम में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। हालांकि, लैंडिंग पूरी तरह से सेफ रही। घटना 4 अक्टूबर की है।

फ्लाइट ने दोपहर 12.52 पर अमृतसर से उड़ान भरी थी। 10.45 घंटे की उड़ान के बाद बर्मिंघम पहुंची थी। लैंडिंग से पहले पायलट ने पाया कि विमान की रैम एयर टरबाइन (RAT) एक्टिव हो गई थी। इसके बाद इमरजेंसी लैंडिंग हुई।

एयर इंडिया के मुताबिक, सभी यात्री और क्रू सुरक्षित हैं। जांच में सामने आया कि विमान के सभी इलेक्ट्रिकल और हाइड्रोलिक सिस्टम ठीक से काम रहे थे। प्लेन को ग्राउंड किया गया है।

# सोनम वांगचुक का आया संदेश

## लेह हिंसा की जांच की रखी मांग, अपनी सेहत के बारे में भी बताया

**जोधपुर.** जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने लेह की हिंसा में 4 लोगों की मौत को लेकर स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की है। राज्य का दर्जा बहाल करने और छठी अनुसूची लागू करने की मांग के लिए 24 सितंबर को प्रदर्शन के दौरान हिंसा हुई थी। इसके बाद वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया। अब अपने संदेश में उन्होंने लद्दाखियों से शांति व एकता बनाए रखने और गैर-हिंसक गांधीवादी तरीके से लड़ाई जारी रखने की अपील की है। वांगचुक का यह मैसेज उनके भाई का त्सेतन दोर्जे ले और वकील मुस्तफा हाजी के जरिए दिया, जिन्होंने शनिवार को जोधपुर सेंट्रल जेल में उनसे मुलाकात की थी।

सोनम वांगचुक ने कहा कि जब तक स्वतंत्र जांच का आदेश नहीं दिया जाता, वह जेल में रहने को तैयार हैं। रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता वांगचुक ने लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक एलायंस की छठी अनुसूची और राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग का समर्थन किया। उन्होंने कहा, 'एपेक्स बॉडी जो भी कदम लद्दाख के हित में उठाएगी, मैं उनके साथ पूरे दिल से हूं।' नागरिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने पत्र में लिखा, 'मैं शारीरिक और मानसिक रूप से ठीक हूं। सभी की चिंता व प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद देता हूं। जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई, उनके परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं। जो घायल या हिरासत में हैं, उनके लिए मैं प्रार्थना करता हूं।'

### वांगचुक की गिरफ्तारी पर SC में कल सुनवाई

लेह एपेक्स बॉडी और केडीए ने गृह मंत्रालय के अधिकारियों के साथ 6 अक्टूबर को होने वाली बातचीत से हटने का फैसला किया है। दोनों संगठनों ने चार लोगों की मौत की न्यायिक जांच और वांगचुक सहित सभी हिरासत में लिए गए लोगों की तत्काल व बिना शर्त रिहाई की मांग की है। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने NSA के तहत जलवायु कार्यकर्ता को हिरासत में लिए जाने को चुनौती दी है और उनकी तत्काल रिहाई का अनुरोध किया है।

# कफ सिरप लिखने वाला डॉक्टर गिरफ्तार; दवा कंपनी पर केस

### ■ 14 मौतों के बाद हरकत में सरकार

**छिंदवाड़ा.** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में कथित तौर पर कफ सिरप पीने की वजह से एक दर्जन से अधिक बच्चों की मौत के बाद राज्य सरकार अब ऐक्शन मोड में है। 'कोल्डरिफ' कफ सिरप को बैन किए जाने के बाद छिंदवाड़ा जिले में एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि मारे गए अधिकतर बच्चों को इसी डॉक्टर ने वह कफ सिरप लिखी थी। परासिया में सरकारी डॉक्टर प्रवीण सोनी पर आरोप है कि वह प्राइवेट प्रैक्टिस भी





कर रहे थे और उन्होंने निजी क्लिनिक में यह दवा लिखी थी। राज्य सरकार ने दवा कंपनी के खिलाफ भी मकुदमा दर्ज कराया है।

बाल रोग विशेषज्ञ प्रवीण सोनी परासिया में सरकारी डॉक्टर हैं। आरोप है कि वह यहां एक निजी क्लिनिक भी चला रहे थे। बताया जा रहा है कि जिन बच्चों की मौत हुई है उनमें से अधिकतर को सर्दी-खांसी जैसी शिकायतों के बाद डॉ. प्रवीण सोनी के क्लिनिक में लाया गया था और उन्होंने अन्य दवाओं के साथ 'कोल्डरिफ' लेने की सलाह दी थी। दवा में एक खतरनाक रसायन की पुष्टि होने के बाद राज्य सरकार ने इसे पूरे राज्य में बैन कर दिया है।

परासिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर अंकित सहलाम की शिकायत के आधार पर पुलिस ने डॉक्टर सोनी और कोल्डरिफ कफ सिरप को बनाने वाली कंपनी 'श्रीसन फार्मास्युटिकल्स' के खिलाफ केस दर्ज कराया है। ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स ऐक्ट की धारा 27(ए) और भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 105 और 276 के तहत केस दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि दवा के नमूनों में 48.6 प्रतिशत 'डाईथिलीन ग्लाइकॉल' पाया गया, जो एक जहरीला रसायन है।

मध्यप्रदेश सरकार ने छिंदवाड़ा में जिन 14 बच्चों की मौत हुई है उन्हें शुरुआत में सर्दी-खांसी और बुखार जैसे साधारण लक्षण थे। आरोप है कि कफ सिरप लेने के बाद बच्चों की किडनी फेल हो गई और उनकी मौत हो गई। 6 बच्चों का अब भी इलाज चल रहा है। मृतकों में सबसे अधिक 11 परासिया उपमंडल के हैं। दो छिंदवाड़ा शहर के और एक चौरई तहसील के थे।

# फारुख अब्दुल्ला की तबीयत बिगड़ी

### ■ श्रीनगर अस्पताल में भर्ती

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता फारुख अब्दुल्ला की तबीयत बिगड़ कई है। पार्टी नेताओं के मुताबिक 87 वर्षीय नेता की तबीयत पिछले कुछ दिनों से खराब चल रही थी। इसके बाद शनिवार को उन्हें श्रीनगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक अब्दुल्ला के इस सप्ताह की शुरुआत में पेट के संक्रमण हो गया था। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया



गया। हालांकि यहां पर उनकी तबीयत लगातार बिगड़ रही थी। इसके बाद शनिवार को उन्होंने श्रीनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पार्टी नेताओं के मुताबिक अब उनकी तबीयत में सुधार हो रहा है। उन्हें जल्दी ही अस्पताल से छुट्टी मिलने की संभावना है।

गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के वर्तमान मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के पिता और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला का एक लंबा राजनैतिक अनुभव है। पेशे से डॉक्टर फारुख ने तीन बार राज्य के मुख्यमंत्री का पद संभाला है। पिता शेख अब्दुल्ला के नक्शे कदम पर चलते हुए राजनीति में आए फारुख ने उनकी विरासत को बखूबी संभाला। वह लोकसभा और राज्यसभा दोनों के सदस्य रहे हैं। इसके अलावा वह केंद्र सरकार में भी मंत्री रहे हैं। वर्तमान में वह जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष हैं और अपने बयानों की वजह से चर्चा में बने रहते हैं।

# अरविंद केजरीवाल नहीं, पंजाब से उद्योगपति राजिंदर गुप्ता जाएंगे राज्यसभा

### ■ AAP ने लगाई फाइनल मुहर

**नई दिल्ली.** आम आदमी पार्टी ने पंजाब से राज्यसभा उपचुनाव के लिए अपने प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है। पंजाब से अरविंद केजरीवाल नहीं बल्कि उद्योगपति राजिंदर गुप्ता को प्रत्याशी बनाया गया है। बता दें कि पंजाब से राज्यसभा की एक सीट के लिए 24 अक्टूबर को उपचुनाव होगा। आम आदमी पार्टी की पलिटिकल अफेयर्स कमेटी ने सर्वसम्मति से राजिंदर गुप्ता के नाम पर मुहर लगा दी है। बता दें कि राजेंद्र गुप्ता पंजाब योजना बोर्ड के वाइस चेयरमैन थे। एक दिन पहले ही उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

राजिंदर गुप्ता को 2022 में पंजाब प्लानिंग बोर्ड में शामिल किया गाय था। राज्यसभा में पंजाब



कोटे की सीट संजीव अरोड़ा के लुधियाना वेस्ट उपचुनाव में जीत के बाद खाली हो गई थी। जब उन्हें लुधियाना वेस्ट से कैंडिडेट बनाया गया तो विपक्षियों का कहना था कि अरविंद केजरीवाल खुद राज्यसभा जाएंगे। हालांकि तब भी केजरीवाल ने कहा था कि वह राज्यसभा नहीं जाएंगे। बता दें कि पंजाब से राज्यसभा की सात सीटें हैं। बाकी की छह पर आम आदमी पार्टी के ही सांसद हैं। हरभजन सिंह, संत बलबीर सिंह, अशोक कुमार मित्तल, संदीप पाठक, विक्रमजीत सिंह साहनी पंजाब से राज्यसभा के सांसद हैं।

### कौन हैं राजेंद्र गुप्ता....?

गुप्ता ने राजनीति में अकाली दल से कदम रखा था। अकाली दल और बीजेपी की सरकार के दौरान वह कई महत्वपूर्ण पद संभाल चुके हैं। उनकी कंपनी ट्राइडेंट का सालाना ट्रनओपर 5 हजार करोड़ से ज्यादा का है। यह कंपनी कॉटन पेपर, बेडशीट, टॉवल जैसे सामान बनाती है। एक साधारण परिवार में जन्मे राजिंदर गुप्ता का का बिजनेस से कोई संबंध नहीं था। उन्होंने नौवीं तक की पढ़ाई करने के बाद एक फैक्ट्री में नौकरी पकड़ ली। कई साल तक छोटे-मोटे काम करने के बाद 1985 में उन्होंने 6 .5 करोड़ रुपये का निवेश कर बड़ा रिस्क लिया और 'अभिषेक इंडस्ट्रीज' के नाम से उर्वरक की फैक्ट्री लगा दी।

### बूथ पर मोबाइल ले जा सकेंगे वोटर -CEC

**पटना.** बिहार के मतदाता अब मतदान केंद्र पर अपना मोबाइल ले जा सकेंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि मतदान कक्ष के ठीक बाहर तक मतदाता मोबाइल ले जा सकते हैं।

हर बूथ पर मोबाइल जमा कराने की सुविधा होगी। मतदान कक्ष में प्रवेश करने से पहले उन्हें मोबाइल छोड़ देना होगा। वोट डालकर निकलने के बाद वे मोबाइल वापस ले लेंगे। पिछले साल ही यह व्यवस्था शुरू की गयी थी। बिहार के सभी 90 हजार बूथों पर यह व्यवस्था लागू की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रत्याशी अब मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी पर अपने स्तर पर सहायता केंद्र खोल सकते हैं। पहले इसे पोलिंग बूथ से दूर रखा जाता था। उन्होंने बताया कि अब राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था होगी। बिहार चुनाव में 17 नवाचार किए जा रहे हैं। सीईसी ने कहा कि अब कोई मोबाइल छोड़ना नहीं चाहता।

**भारत ने वेस्टइंडीज से 77 साल का हिसाब चुकता किया**

# जुरेल के पिता बोले- 'बेटा हर फॉर्मेट के लिए तैयार'



### ■ उम्मीद है कि लगातार मेहनत से वनडे टीम में भी स्थायी जगह बना लेगा

भारतीय विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना पहला टेस्ट शतक लगाया। उन्होंने 125 रन की पारी खेली। इस पारी के सहारे भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट पारी और 140 रन से जीता।

ध्रुव के इस प्रदर्शन से उनके पिता नेमचंद बहुत खुश हैं, लेकिन लगातार टीम में शामिल होने के बावजूद कम मौके मिलने से थोड़े निराश हो जाते हैं। लेकिन, जब बात देश के लिए खेलने पर होती है, तो गर्व से दबंग आवाज पर कहते हैं- 'परिवार के लिए यह गर्व का पल होता है, जब लोग मुझे 'ध्रुव के पापा' कहकर बुलाते हैं।'

एक सवाल पर नेमचंद भरोसे के साथ कहते हैं- 'बेटा हर फॉर्मेट के लिए तैयार है। उम्मीद है कि लगातार मेहनत से वनडे टीम में भी अपनी स्थायी जगह बना लेगा।' ध्रुव को पहली बार वनडे टीम में जगह मिली है। वे ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुने गए हैं।

"ध्रुव विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। उनसे पहले ऋषभ पंत अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। पंत बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। हम दोनों (मेरा और ध्रुव) का भी मानना है कि पहले से कोई अच्छा बल्लेबाज या विकेटकीपर खेल रहा है, तो उसी को मौका मिलेगा। यह मुझसे कई बार कह चुका है कि मौका मिलने पर वह खुद को साबित करेगा। क्रिकेट में यही होता है, जो अच्छा करेगा, उसी को आगे मौका मिलता है। ध्रुव भी अपनी बैटिंग और कीपिंग दोनों में अच्छा कर रहा है। वह टीम में बैकअप विकेटकीपर के तौर अपनी जगह बना चुका है। प्लेइंग इलेवन में मौका मिलता है तो हमें खुशी होती है।

# 'नक्शे से मिटा देने' की चेतावनी पर खिसयाया पाक



### ■ देने लगा गीदड़ भभकी

ऑपरेशन सिंदूर में मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान अब झूठ के सहारे दुनिया और अपनी जनता के बीच में इज्जत बचाने में लगा हुआ है। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी की नक्शे से मिटा देने की धमकी के बाद पाकिस्तान अब गीदड़ भभकी देने पर आ गया है। आसिम मुनीर की सेना की तरफ से कहा गया है कि अगर दोनों देशों के बीच में भविष्य में कोई संघर्ष होता है तो यह बड़े विनाश का कारण बन सकता है।

किसी युद्ध में अपनी हार को भी जनता के सामने जीत बनाकर परोसने वाली पाकिस्तानी सेना ने अपना बड़ बोलापन दिखाना यहाँ भी नहीं छोड़ा। फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की सेना की तरफ से जारी बयान में दावा किया गया कि उनकी सेना दुश्मन देश के किसी भी कोने में जाकर युद्ध करने में सक्षम है।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी की चेतावनी पर बात करते हुए पाकिस्तानी सेना में ऑपरेशन सिंदूर का खौफ भी दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि यह बयान आक्रमण के लिए बहाने गढ़ने का एक प्रयास थे। इस बयान का अर्थ है कि भविष्य में भी ऑपरेशन सिंदूर जैसी किसी सैन्य कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। पाकिस्तानी सेना के खिलाफ की गई ऐसी कोई भी कार्रवाई दक्षिण एशिया में गंभीर परिणाम लाएगी।

### क्या कहा था सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने

भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को पाकिस्तान को सीमा पार आतंकवाद को रोकने की सलाह दी थी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा था कि पाकिस्तान को अगर विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखनी है तो उसे आतंकवाद का समर्थन करना बंद करना होगा। इससे एक दिन पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा था कि भारत अपनी रक्षा के लिए किसी भी सीमा को पार कर सकता है।

**Government of Maharashtra**
**Forest Department**
**Mangrove Division- North Konkan**
Abhimaan II, 5th Floor, Teen Haat Naka, Naupada, Thane (W)-400 602
Email-dfommcu@gmail.com
Parent Portal: http://mahatenders.gov.in

**E-Tender**

**Tender Notice No. DFO/MDNK/20&21/2025-26.**

Online Tender Forms in B-1 Format, for the following work are invited by the Divisional Forest Officer, Mangrove Division- North Konkan, Abhimaan II, 5th Floor, Teen Haat Naka, Naupada, Thane (W)-400 602 from the contractors registered with the Government of Maharashtra in appropriate class of Tender Notice.

The blank tender documents should be downloaded from Government website http://mahatenders.gov.in from 07/10/2025 at 5.00 pm to 13/10/2025 at 5.00 pm. Blank Tender documents will not be sold by this office; interested contractors have to download tender documents from the website. For any queries in this regard the interested contractors can contact on telephone no 022-69309286 during office hours.

All requisite information required for the submission of Bid Capacity documents is available on the above said website. If any assistance is required regarding e-Tendering (uploading/downloading) please contact NIC Help Desk number: 1800 3070 2232.

| Sr. No | Name of work | Estimated cost | Earnest Money Deposit (Rs.) | Time limit for completion | Cost of Blank Tender Form (Non-Refundable) | Category |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (i) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) | (vi) | (vii) |
| 1. | Providing and erecting 2.10 mt. high Chainlink Fencing supported on M.S. Angles Post with Y type barbed wire fencing with seven rows of wire with 2.45 mm dia G.I. pipe at Tarapur in Survey No.166 in Ghivali Beat in Boisar Round in Palghar (Mangrove) Range of Mangrove Division North Konkan. | 11,62,690/- | 11,627/- | 4 Months. | Rs. 590/- (Including GST) | Open Tender. |
| 2. | Providing and erecting 2.10 mt. high Chainlink Fencing supported on M.S. Angles Post with Y type barbed wire fencing with seven rows of wire with 2.45 mm dia G.I. pipe at Tarapur in Survey No.166 in Ghivali Beat in Boisar Round in Palghar (Mangrove) Range of Mangrove Division-North Konkan. | 21,89,297/- | 21,893/- | 4 Months. | Rs. 590/- (Including GST) | Open Tender. |

1) No changes are to be made by the contractor in the tender documents published on the website. If any changes are made the tender documents will be rejected & action accordingly will be taken against the contractor. Information published on the government website will be final.
2) Right to reject any or all the tenders without assigning any reason there of is reserved.
Divisional Forest officer, Mangrove Division-North Konkan

Sd/-
**Divisional Forest Officer**
Mangrove Division - North Kokan

**संक्षेप...**

### सर्राफा व्यापारियों को 60 हजार का चूना

**कल्याण.** महात्मा फुले पुलिस स्टेशन क्षेत्र में 2 सर्राफा व्यवसायियों को नकली सोने की अंगूठियों के जरिये 60 हजार रुपए का चूना लगाए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में ठाणे शहर के वर्तकनगर इलाके में रहने वाली एक महिला और एक पुरुष के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, अशोक निवास चॉल, वर्तकनगर में रहने वाले अश्विनी सागर शेवाले (32) और मयूर विनोद पटोले (34) शुक्रवार को पंकज ज्वेलर्स और संघवी चोरमल दानाजी ज्वैलर्स में अलग-अलग समय पर पहुंचे। उन्होंने अपने पास मौजूद भारतीय प्रमाणन चिह्न वाली नकली सोने की अंगूठियां सर्राफा व्यवसायियों के पास गिरवी रख दी।

# नवी मुंबई एयरपोर्ट का शुभारंभ करेंगे पीएम मोदी

**■ दिसंबर में शुरू होंगी वाणिज्यिक उड़ानें**

**नवी मुंबई.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आठ अक्तूबर को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का शुभारंभ करेंगे। यह हवाई अड्डा 19,647 करोड़ रुपये की लागत से बना है। महाराष्ट्र सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

**■ मुंबई महानगर क्षेत्र का दूसरा हवाई अड्डा**

अधिकारी ने बताया कि नए हवाई अड्डे से वाणिज्यिक उड़ानें दिसंबर में शुरू होंगी। यह हवाई अड्डा मुंबई महानगर क्षेत्र का दूसरा हवाई अड्डा होगा। पहला छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है। इस नए हवाई अड्डे को 30 सितंबर को विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से उड़ान लाइसेंस मिल गया है।

**■ अदाणी समूह के 74 फीसदी हिस्सेदारी**

यह परियोजना कई चरणों में विकसित की गई है। इसमें अदाणी समूह की 74 फीसदी हिस्सेदारी है और बाकी 26 फीसदी महाराष्ट्र सरकार की संस्था शहर और औद्योगिक विकास निगम (सीआईडीसीओ) के पास है।

**■ प्रधानमंत्री का क्या रहेगा कार्यक्रम**

सीआईडीसीओ के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक विजय सिंघल ने बताया कि महाराष्ट्र का दूसरा हवाई 'अड्डा नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा' का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आठ अक्तूबर को करेंगे। सिंघल ने कहा कि प्रधानमंत्री करीब 2:40 बजे नवी मुंबई हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे और दो घंटे वहां रहेंगे। वह पहले टर्मिनल भवन का दौरा करेंगे। फिर वहां मौजूद लोगों को संबोधित करेंगे।



**केंद्र ने एयरपोर्ट का नाम बदलने को दी मंजूरी**

इस बीच, केंद्र सरकार ने 19,647 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का नाम बदलने की मंजूरी दे दी है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि इस एयरपोर्ट का नाम दिवंगत सामाजिक कार्यकर्ता डीबी पाटिल के नाम पर रखा जाएगा। पाटिल को उनके काम को लेकर व्यापक रूप से सराहा गया था, क्योंकि उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि परियोजना प्रभावितों को उचित मुआवजा मिले। फडणवीस ने कहा कि एयरपोर्ट के आधिकारिक नाम की घोषणा यात्री परिचालन शुरू होने पर की जाएगी। नाम बदलने के फैसले को विधानमंडल के दोनों सदनों ने पहले ही अपनी मंजूरी दे दी थी।

**■ आईएटीए ने हवाई अड्डे को दिया कोड नाम**

नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संगठन (आईएटीए) ने 'एनएमआई' कोड दिया है। एयर इंडिया ग्रुप, इंडिगो और अकासा जैसी घरेलू एयरलाइंस ने अपनी कुछ उड़ानें इस नए हवाई अड्डे पर स्थानांतरित करने की घोषणा कर दी है।

**■ नौ करोड़ यात्रियों को संभालने की क्षमता**

यह हवाई अड्डा 1,160 हेक्टेयर में फैला है। पूरी तरह बनने पर इसमें चार टर्मिनल होंगे, जो सालाना नौ करोड़ यात्रियों और 32.5 लाख टन कार्गो को संभाल सकेंगे। यह एशिया के सबसे बड़े हवाई केंद्रों में से एक होगा। वर्तमान में पहला टर्मिनल पूरा हो चुका है, जिसमें सालाना दो करोड़ यात्री और आठ लाख टन कार्गो की क्षमता है और एक रनवे है।

**■ पहले चरण में करीब 19,647 करोड़ खर्च**

मुंबई का मौजूदा हवाई अड्डा लगभग साढ़े पांच करोड़ यात्रियों को संभालता है। नए हवाई अड्डे के पूरा होने पर दोनों मिलकर लगभग 15 करोड़ यात्रियों की सेवा देंगे, जो इसे विश्व का बड़ा हवाई केंद्र बनाएगा। पहले चरण में लगभग 19,647 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं, जबकि सभी चार टर्मिनल बनने पर कुल लागत लगभग एक लाख करोड़ रुपये होगी।

**■ इन सुविधाओं से जुड़ेगा नया हवाई अड्डा**

यह पहला ऐसा हवाई अड्डा होगा जो एक्सप्रेसवे, हाईवे, मेट्रो, उपनगरीय रेल और वाटर टैक्सी से जुड़ा होगा। यह एक हरित (ग्रीन) हवाई अड्डा भी होगा क्योंकि इसमें टिकाऊ विमान ईंधन (सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल) का भंडारण सुविधा मौजूद होगी। यह हवाई अड्डा बहुत ही प्रभावी होगा और इसमें ऑटोमेटेड पैसेंजर पीपल्स मूवर सुविधा भी होगी, जो चारों टर्मिनल को आपस में जोड़ेगी।

### मुंबई में PMO अधिकारी बनकर 74 लाख की ठगी!

**मुंबई.** मुंबई में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक ठेकेदार ने खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) का अधिकारी बताकर एक ज्योतिषी से 74 लाख रुपये ठग लिए. मुंबई क्राइम ब्रांच यूनिट 11 ने इस मामले में 38 वर्षीय रवि नरोत्तम शर्मा नाम के ठेकेदार को गिरफ्तार किया है. पुलिस के मुताबिक, रवि शर्मा ने एक शहर के ज्योतिषी को झांसा दिया कि PMO में उसकी बड़ी पहुँच है. उसने ज्योतिषी से कहा कि वह अपनी पहुँच का इस्तेमाल करके उसे MHADA की दो दुकानें दिलवा सकता है. ज्योतिषियों को अक्सर लोग अपनी समस्याओं के समाधान या भविष्य जानने के लिए संपर्क करते हैं. शर्मा ने इसी बात का फायदा उठाया और ज्योतिषी को अपने जाल में फंसा लिया. अपनी बात को सच साबित करने के लिए आरोपी रवि शर्मा ने कई सरकारी दफ्तरों की नकली मुहरें भी दिखाईं. इन मुहरों को देखकर ज्योतिषी को लगा कि शर्मा सच बोल रहा है.

## बाढ़ पीड़ितों के लिए मदद का हाथ

**उल्हास विकास संवाददाता**

**ठाणे.** धाराशिव ज़िले में बाढ़ के कारण कई गाँव तबाह हो गए हैं और हज़ारों नागरिकों का जीवन बर्बाद हो गया है। विभिन्न सामाजिक संस्थाएँ, संगठन, मंडलियाँ और नागरिक इन आपदा पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए हैं। बाढ़ पीड़ितों को चावल, गेहूं का आटा, तेल, चीनी, अरहर की दाल, चायपत्ती, कोलगेट, साबुन, मैगी, बिस्कुट आदि आवश्यक वस्तुओं के किट वितरित किए गए। प्रिंस ग्रुप फ़ाउंडेशन, भारत विकास परिषद, कनौजिया युवा शक्ति फ़ाउंडेशन और लॉन्ड्री एसोसिएशन, सोलापुर सोशल फ़ाउंडेशन, मंगलवेधा मुंबई मित्र मंडल, श्री स्वामी समर्थ युवा प्रतिष्ठान, तुलजाभवानी मंदिर समिति, शिव संस्कृति प्रतिष्ठान आदि संगठनों के साथ-साथ कई नागरिकों ने इस पहल में भाग लिया।मनोरमानगर टीम, जिसमें दत्तात्रेय घाडगे, करण औताडे, विनोद राठौड़, संतोष घांट, आकाश यादव, संजीव वर्मा, कार्तिक घरत, श्री घाडगे आदि शामिल थे, ने इस राहत कार्य में कड़ी मेहनत की। इस टीम ने सोलापुर के दो गाँवों, वडगबल पुजारी वस्ती और हरिजन वस्ती में राशन किट वितरित किए।इन दोनों गाँवों के लगभग 30 प्रतिशत लोग अभी तक अपने घर नहीं लौटे हैं। कई लोगों का सामान बह गया है, जानवर लापता हो गए हैं और भयावह स्थिति अभी भी बनी हुई है। ऐसी कठिन परिस्थिति में, हम सभी के सहयोग से बाढ़ पीड़ितों तक मदद पहुँची है और इसके लिए आयोजक दत्ता घाडगे ने सभी दानी व्यक्तियों, संस्थाओं और नागरिकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।



## युवक की दोस्तों ने ही पीट-पीटकर ली जान

**■ 3 गिरफ्तार... दो की तलाश जारी**

**भिवंडी.** भिवंडी में एक विवाद के बाद कुछ लोगों ने अपने 25 वर्षीय दोस्त की हत्या कर दी. एक एजेंसी के मुताबिक भिवंडी शहर के न्यू आज़ाद नगर इलाके में शनिवार रात हुई इस घटना के सिलसिले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, तीनों आरोपी भाई हैं.

शांति नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ित और आरोपी घर लौट रहे थे. तभी किसी पुराने मामले को लेकर उनके बीच झगड़ा हो गया. जिसके बाद उन्होंने कथित तौर पर उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा. अधिकारी ने बताया कि पीड़ित के परिवार के एक सदस्य की शिकायत के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है. साथ ही पुलिस ने तीन को गिरफ्तार भी कर लिया. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आरोपियों ने युवक को घेर लिया था. जिसके बाद आरोपियों ने युवक की पिटाई कर दी और उसकी मौत हो गई. आरोपियों के पास लाठी और डंडे भी थे, जिसके चलते युवक को किसी ने बचाने की जहमत नहीं जुटा पाई.

## हवाई अड्डे के उद्घाटन पर मोदी की सभा के लिए ठाणे शहर से 150 बसें रवाना होंगी

**ठाणे.** 8 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उल्वे में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के लिए उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर, पनवेल और कल्याण भायंदर, नवी मुंबई के कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। ठाणे शहर से भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष संदीप लेले की अध्यक्षता में एक भव्य बैठक आयोजित की गई थी।बड़े उत्साह के साथ आयोजित बैठक में लगभग 400 कार्यकर्ता उपस्थित थे। भारतीय जनता पार्टी के 33 वार्डों से लगभग 150 बसें मोदी के संबोधन को लोगों तक पहुँचाने के लिए उल्वे पनवेल जाएँगी। विभिन्न कार्यकर्ताओं को ज़िम्मेदारियाँ दी गई हैं और सभी नगरसेवक, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पैनल प्रमुख, प्रमुख, सभी ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया है। इसके लिए एक विशेष समिति बनाई गई है। इस समिति में सचिन पाटिल, राजेश, माड़वी, समीरताई भारती, साथ ही विक्रम भोईर महासचिव और तृप्ति पाटिल, गौरवसिंह भास्कर सचिव हैं।बैरी शेट्टी को सभा में शामिल किया गया है, ज़िम्मेदारियाँ बाँटी गई हैं और उसी के अनुसार सब कुछ योजनाबद्ध किया गया है।भाजपा ठाणे शहर ज़िला अध्यक्ष संदीप दिले ने नागरिकों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपने-अपने स्थानों पर उपलब्ध बसों से मोदी का संबोधन सुनने आएँ। यह जानकारी प्रवक्ता सागर भदे ने दी।



## महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग द्वारा अनुकंपा के आधार पर 530 लिपिक टाइपिस्ट नियुक्त

**■ सरकारी नौकरी में नियुक्ति आदेश प्राप्त**

**ठाणे.** जिन उम्मीदवारों का चयन अनुकंपा के आधार पर और महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग के माध्यम से लिपिक टाइपिस्ट के पद पर हुआ है और जिन्हें नियुक्ति पत्र दिए गए हैं, वे जनता के लिए ईमानदारी और जिम्मेदारी से काम करके 2047 के विकसित महाराष्ट्र के सपने को साकार करने में योगदान दें, यह अपील आज यहाँ जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने की। ठाणे ज़िला योजना समिति हॉल में अनुकंपा के आधार पर और लोक सेवा आयोग के माध्यम से नियुक्त कुल 530 लिपिक टाइपिस्टों को नियुक्ति पत्र देने का ऐतिहासिक समारोह आयोजित किया गया। मुंबई के यशवंतराव चव्हाण प्रतिष्ठान में आयोजित मुख्य राज्य रोजगार मेले का भी इस अवसर पर सीधा प्रसारण किया गया।



इस अवसर पर विधायक संजय केलकर, विधायक सुलभा गायकवाड़,जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे, अतिरिक्त आदिवासी विकास परियोजना आयुक्त गोपीचंद कदम, पुलिस अधीक्षक डॉ. डी. स्वामी, निवासी उप जिलाधिकारी डॉ. संदीप माने, जिला नियोजन अधिकारी वैभव कुलकर्णी, उप जिलाधिकारी सरजेराव म्हस्के पाटिल, वैशाली माने, उद्योग के संयुक्त निदेशक विजू शिरसाठ, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी अविनाश फड़तरे, जिला अधीक्षक राज्य उत्पाद शुल्क प्रवीण तांबे, तहसीलदार सचिन चौधरी, संदीप थोरात, उमेश पाटिल, सचिन शेजल, अभिजीत खोले, अमित पुरी, विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट मुकेश पाटिल, सभी उप तहसीलदार, विभिन्न सरकारी विभागों के कार्यालय प्रमुख, नियुक्त हुए उम्मीदवार और उनके अभिभावक उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और राज्यगान से हुई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जीलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे, पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे, पुलिस अधीक्षक डॉ. डी. स्वामी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर हरिश्चंद्र पाटिल, निवासी उप जिलाधिकारी डॉ. संदीप माने, तहसीलदार रेवन लेम्बे, उप तहसीलदार किशोर जाधव के साथ जिलाधिकारी कार्यालय की स्थापना शाखा के सभी अधिकारी और कर्मचारी पिछले कुछ दिनों से दिन-रात काम कर रहे हैं।

## चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद करने में CEIR प्रणाली की सफलता



**उल्हासनगर.** पिछले कुछ महीनों में हिललाइन पुलिस स्टेशन में विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन चोरी होने की शिकायत दर्ज की गई थी। पुलिस कांस्टेबल सचिन हातेकर ने तकनीकी जाँच के माध्यम से 15 मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता प्राप्त की। यह पूरा अभियान पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे और सहायक पुलिस आयुक्त शैलेश काले के मार्गदर्शन में चलाया गया।

दशहरे के दिन, नागरिकों के चेहरों पर संतुष्टि और खुशी देखी गई क्योंकि ये मोबाइल फोन उनके मूल मालिकों को वापस कर दिए गए। इस बीच, दशहरे के दिन, सहायक पुलिस आयुक्त शैलेश काले द्वारा इन मोबाइल फोन को उनके मूल शिकायतकर्ताओं को सौंप दिया गया। इस अवसर पर, उपस्थित नागरिकों ने पुलिस को धन्यवाद दिया और कहा कि इस पहल से लोगों का विश्वास मजबूत हुआ है।

## भिवंडी में 7 साल की मासूम के साथ दरिंदगी

**भिवंडी.** भिवंडी में 7 साल की बच्ची के साथ दरिंदगी की घटना सामने आई है। भिवंडी शहर में 33 वर्षीय शख्स ने बच्ची के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। जिसके बाद उसकी हत्या कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को बिहार भागने की कोशिश के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी इससे पहले भी 6 वर्षीय बच्ची के साथ इसी तरह की एक घटना में शामिल रह चुका है। लेकिन वह पुलिस हिरासत से फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

**शौच के लिए निकली थी पीड़िता**

एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने अपने पड़ोस में रहने वाली सात वर्षीय बच्ची के साथ बुधवार को कथित तौर पर बलात्कार किया और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी शव को एक बोरे में डालकर मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि उसी रात जब वह बिहार के मधुबनी भागने की तैयारी कर रहा था, तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार, पीड़िता शौच के लिए घर से बाहर निकली थी लेकिन जब वह बहुत देर तक वापस नहीं आई तो उसके माता-पिता ने उसकी तलाश शुरू की। पुलिस ने बताया कि इसी दौरान पीड़िता के माता-पिता को आरोपी के घर के बाहर वह छोटी बाल्टी मिली जो बच्ची अपने साथ लेकर गई थी। पुलिस ने बताया कि वे दरवाजा तोड़कर आरोपी के घर में घुसे जहां उन्हें एक बोरी में बच्ची का शव मिली।



**2023 में 6 साल की बच्ची के साथ किया दुष्कर्म**

अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने 2023 में भी छह साल की बच्ची के साथ बलात्कार किया था और उसकी हत्या कर दी थी। जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर ठाणे केंद्रीय कारागार में रखा गया था। उन्होंने बताया कि आरोपी को अगस्त में जब सुनवाई के लिए अदालत ले जाया जा रहा था तब वह पुलिस हिरासत से भाग गया था। अधिकारी ने बताया कि स्थानीय पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है।

## फरहान अख्तर के कार्ड से ड्राइवर ने किया स्कैम

**■ पेट्रोल भराने के नाम पर यूं लगाया लाखों का चूना**

बॉलीवुड एक्टर-फिल्ममेकर फरहान अख्तर के ड्राइवर के खिलाफ पुलिस ने शिकायत दर्ज की है। नरेश सिंह नाम का यह शख्स फरहान अख्तर और उनकी मां हनी ईरानी का ड्राइवर होने के साथ-साथ एक बांद्रा लेक के नजदीक स्थित एक पेट्रोल पंप पर नौकरी भी करता था। करीब 35 वर्षीय नरेश ने हनी ईरानी की गाड़ी में फ्यूल भरवाने के लिए फरहान अख्तर का कार्ड पेट्रोल पंप पर स्वाइप किया, और बदले में यहीं पर काम करने वाले एक दूसरे कर्मचारी अरुण सिंह ने अपना कमीशन रखते हुए उसे पैसे दिए।



दोनों की मिलीभगत से यह काम किया गया और इस तरह फरहान अख्तर और हनी ईरानी को कुल 12 लाख रुपये का चूना लगाया गया। फरहान अख्तर की मां ने 1 अक्टूबर को बांद्रा पुलिस स्टेशन में इस फर्जीवाड़े के बारे में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के मुताबिक हनी ईरानी की मैनेजर दिया भाटिया जब फ्यूल अकाउंट चेक कर रही थीं तो उन्होंने पाया कि उनकी मारुति गाड़ी जिसकी टैंक क्षमता 35 लीटर है, इसमें 621 लीटर डीजल भरवाया गया है। जब भाटिया ने इस बारे में नरेश से सवाल किया तो उससे मिलने वाले जवाब संतुष्टिजनक नहीं थे।

**मैनेजर ने जांच करने पर पाई यह गड़बड़**

मैनेजर ने कार्ड हिस्ट्री चेक की तो उन्हें पता चला कि सिंह ने कुल 3 कार्ड इस्तेमाल किए थे और सभी जावेद अख्तर के नाम पर रजिस्टर्ड थे। साथ ही दिया ने यह भी पाया कि ड्राइवर ने उस गाड़ी के लिए भी तेल खरीदा था जो 7 साल पहले ही बेची जा चुकी है। मैनेजर ने हनी ईरानी के साथ एक मीटिंग रखी और इसमें उन्होंने इस पूरी धोखाधड़ी के बारे में बताया। सिंह ने बताया कि साल 2022 में उसने ये तीनों कार्ड फरहान के पिछले ड्राइवर संतोष कुमार से लिए थे। इसके बाद से वह हमेशा बांद्रा लेक के नजदीक एसवी रोड पेट्रोल पंप से तेल भरवाता था।

## आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं का दीक्षांत समारोह सम्पन्न

**भिवंडी.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल्या विद्यापीठ की स्थापना का सीधा प्रसारण संत कबीर औद्योगिक महाविद्यालय, भादवड़ में किया गया. मुख्य अतिथि भिवंडी नगर निगम के क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विभागाध्यक्ष मिलिंद पलसुले थे.कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया और प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए. कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की प्रधानाचार्या सीमा महाजन ने की. इस अवसर पर मिलिंद पलसुले ने कहा कि,भिवंडी स्थित आईटीआई प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षुओं को विभिन्न कंपनियों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों का लाभ उठाना चाहिए और स्वयं रोजगार करके किसी को रोजगार प्रदान करने का प्रयास करना चाहिए. प्रधानमंत्री का सपना है कि हम मेक इन इंडिया और स्टार्ट अप इंडिया, दोनों के सपनों को साकार कर सकें.यदि हम कौशल विकास में निपुण हो जाएँ, तो हमारा देश भी आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बन सकता है.कार्यक्रम का कुशल संचालन विश्वनाथ पाटिल ने किया.कार्यक्रम की योजना मोहित पाटिल ने बनाई और परिचय प्रधानाचार्या सीमा महाजन ने कराया.समारोह में, प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के ट्रेडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र वितरित किए गए. दीक्षांत समारोह ने विद्यार्थियों में व्यावसायिक जीवन के लिए नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और प्रेरणा का संचार किया.




**CHANGE OF NAME**

I have changed my name from **Manish Bajandas Khubani** to **Manish Bhajanlal Khubani.** So All Public now call me **Manish Bhajanlal Khubani.**

**CHANGE OF NAME**

I have changed my name from **Bajandas Shivaldas Khubani** to **Bhajanlal Shivandas Khubani.** So All Public now call me **Bhajanlal Shivandas Khubani.**

**CHANGE OF NAME**

I have changed my name **Roshani Manish Khubani** to **Roshni Manish Khubani.** So All Public now call me **Roshni Manish Khubani.**

उल्हास वि NEWS LIVE
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985



Late Shri. ASHOK U. BODHA
18-02-1945 to 19-12-2017
www.ulhasvikas.com
epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099